भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 30.10.2025

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के तहत आरेडिका में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह– 2025 का आयोजन महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा के मागदर्शन तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अकमल वदूद के नेतृत्व में नीतिपरक कार्य पद्धतियों को अपनाने, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देने हेतु दिनांक– 27.10.2025 से 02. 11.2025 तक किया जा रहा है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह– 2025 की थीम ''सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी'' के तहत सतर्कता विभाग द्वारा कर्मचारियों और अधिकारियों को सर्तकता के प्रति जागरुक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किये गये जैसे– दिनांक–29.10.2025 को गणेश इण्टर कॉलेज ऐहार एवं केन्द्रीय विद्यालय आरेडिका में सतर्कता शपथ, व्याख्यान, निबंध लेखन, कार्टून–पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं जिसमें बच्चों ने उत्साह के सहभागिता की।

दिनांक–30.10.2025 को मैराथन दौड़, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। कोंकण रेलवे कॉपरेशन लिमिटेड के भण्डार नियंत्रक अरुन मेहता ने **''रीसेण्ट चेन्ज इन पब्लिक प्रोक्यूरमेण्ट पॉलिसीज– विजिलेन्स पर्सपेक्टिब''** विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया तथा सभी वरिष्ट अधिकारियों को प्रोक्यूरमेण्ट करने में क्या–क्या सावधानियां रखनी चाहिए, जीएफआर रूल को लागू करने के संबंध में केश स्टडीज के द्वारा विस्तार से बताया।

इस अवसर आरेडिका के मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम अकमल वदूद, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रवीश कुमार, प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आभा जैन, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र एवं अन्य अधिकारियों ने सहभागिता की।

30.10.2025
(आर एन तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी